321
12/9/12

सत्यमेव जयते

खण्ड - 9 संख्या - 11

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

नवम् सत्र

## ( भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

शुक्रवार, तिथि : 8 जुलाई, 1988 ई०

**प्रभारी मंत्री**, शिक्षा विभाग : ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के आहाते के अन्तर्गत वर्ष 1984-85, 1985-86 में शैरात एवं फल की बन्दोबस्ती से क्रमशः कुल 46000 एवं 51800 रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई। यह राशि विभिन्न किश्तों में भिन्न रूप से स्थानीय सेन्ट्रल बैंक में जमा की गयी –

| | रुपये | |
|---|---|---|
| 26.05.1984 | 7,000 | 46000 |
| 28.11.1984 | 5,000 | |
| 14.08.1984 | 5,000 | |
| 15.05.1985 | 5,000 | |
| 24.05.1985 | 10,000 | |
| 17.05.1985 | 5,000 | |
| 18.06.1985 | 5,000 | |
| 16.08.1985 | 4,000 | |
| 31.07.1985 | 5,000 | 51000 |
| 19.08.1985 | 46,000 | |

---

## सड़क की मरम्मती

**सामु-124. श्री खलील अंसारी :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बाजपट्टी से गाढ़ा ग्राम अभियंत्रण संगठन की सड़क की स्थिति दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क भारत-नेपाल की सीमा को जोड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। उक्त सड़क गाढ़ा से शुरू होकर बाजपट्टी तक जाती है। जो भारत नेपाल सीमा से तीन कि.मी. पहले समाप्त हो जाती है।

(3) कुल लंबाई 18.77 कि.मी. है क्षतिग्रस्त 11.77 कि.मी. के सुदृढ़ीकरण हेतु 7 लाख रुपये का प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। दो वर्षों में इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है अभी तक 3.32 लाख रुपये का आवंटन इस कार्य के लिए दिया गया है।

---

## पदाधिकारी पर कार्रवाई

**ख-4. श्री गणेश प्रसाद यादव :** क्या मंत्री, खान एवं भूतत्त्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के ईंट उत्पादकों द्वारा रायल्टी एवं वाणिज्य कर का भुगतान समय पर नहीं होने के कारण